सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांकः प०नि०6850 / 25 दिनांक 05.08.2025

## अतिआवश्यक–सूचना

**सेवा में,**

प्राचार्य,

समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालय।

**विषय**– निष्क्रमण प्रमाणपत्र निर्गत के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

सम्बद्ध महाविलायों द्वारा निर्गत स्थानान्तरण प्रमाण पत्र(टी०सी०) की वेधता सत्यापित करने हेतु सभी विद्यालयों / महाविद्यालयों को पत्रांक 6758 / 25 दिनांक 10.06.2025 से निर्देश दिया गया था कि विश्वविद्यालय से निष्क्रमण प्रमाणपत्र निर्गत कराने के लिये महाविद्यालयें द्वारा छात्रों को जो स्थानान्तरण प्रमाणपत्र(टी०सी०) निर्गत किया जाता है, उसकी वैधानिकता की जॉच हेतु अपने–अपने महाविद्यालयों की एक–एक टी०सी० प्रोफार्मा निरस्त कर, प्राचार्य के हस्ताक्षर हेतु निर्धारित स्थान पर स्पष्ट हस्ताक्षर करके मुहर लगाते हुए अधोहस्ताक्षरी के निष्क्रमण निर्गमन पटल सहायक को मूल रूप से हस्तगत / डाक से प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जबकि कुछ ही विद्यालय / महाविद्यालय ने अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया है, जबकि अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन स्थानान्तरण प्रमाण पत्र(टी०सी०)जमा नहीं किया है।

अतः उपर्युक्त के क्रम मे निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 08.08.2025 व दिनांक 11.08.2025 को परीक्षा की सामग्री जमा करने हेतु आते समय अपने महाविद्यालयीय स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (टी०सी०) को अनिवार्य रूप से लेकर आये, जिसे श्री फिरतू पाण्डेय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

**(प्रो० सुधाकर मिश्र)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सहायक कुलसचिव(परीक्षा) / अधीक्षक(परीक्षा)।
3. सिस्टम एनालिस्ट, उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने हेतु।
4. श्री फिरतू पाण्डेय, प्रभारी, निष्क्रमण निर्गमन पटल।
5. सम्बद्ध पत्रावली।

**(प्रो० सुधाकर मिश्र)**
**परीक्षा नियंत्रक**